19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2021

चर्चा में क्यों?

22 सितंबर, 2021 को छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष शरद शुक्ला ने बताया कि **छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ** द्वारा **19वीं स्टेग छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2021** का आयोजन 23 से 30 सितंबर तक बूढ़ापारा रायपुर स्थित स्प्रेशाला टेबल टेनिस हॉल में किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- शरद शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 23 सितंबर को अंडर-19 बालक एवं बालिका एकल वर्ग खेल का आयोजन होगा।
- कोविड को ध्यान रखते हुए सभी वर्गों की एकल प्रतियोगिता का आयोजन अलग-अलग दिन किया जाएगा।
- इस प्रतियोगिता के जूनियर बालक वर्ग में प्रथम वरीयता प्राप्त बिलासपुर के रोहन लालवानी एवं द्वितीय, तृतीय तथा चतुर्थ वरीयता प्राप्त: क्रमश: रायपुर के करण मल्होत्रा, प्रणय चौहान, रामजी कुमार हैं।
- बालिका वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में क्रमश: बिलासपुर की आर. देवांशी, अनन्या दुबे, सुष्मिता सोम व धमतरी की भुनेश्वरी हैं।
- प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर विमल नायर एवं सहायक मुख्य निर्णायक अंतर्राष्ट्रीय अंपायर अभिनव शर्मा एवं अरुण बावरिया हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/19th-stage-chhattisgarh-state-table-tennis-competition-2021